हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 15 जुलाई 2026

04 हमले के 34 दिन बाद भी आरोपी घूम रहे खुलेआम...



07 चोरी के विरोध में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया...





## खबर संक्षेप

### आयुष्मान ई-कार्ड अब 'आयुष्मान ऐप' से होगा डाउनलोड

**सागर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सागर जिले के पात्र हितग्राहियों के लिए एक बेहद सुगम और महत्वपूर्ण सुविधा प्रारंभ है। अब जिले के नागरिकों को अपना आयुष्मान ई-कार्ड प्राप्त करने के लिए किसी भी लोक सेवा केंद्र या चॉइस सेंटर के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी द्वारा विकसित आयुष्मान ऐप के माध्यम से पात्र हितग्राही स्वयं अपने मोबाइल से घर बैठे ही आयुष्मान ई-कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेश पटेरिया ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने तथा इसे डिजिटल रूप से डाउनलोड करने की यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से सरल, सुरक्षित और पूर्णतः निःशुल्क है।

### आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल शिविर आज

**सागर।** नगर निगम सागर द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं जनसुनवाई के उद्देश्य से संचालित 'आपकी महापौर आपके द्वार' अभियान के अंतर्गत बुधवार, 15 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे से महर्षि दयानंद वार्ड में जनचैपाल एवं शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जनचैपाल कार्यक्रम महर्षि दयानंद वार्ड स्थित लच्छू तिग्गड़ा के पास मंगल भवन में आयोजित होगा, जिसमें महापौर संगीता सुशील तिवारी नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुनेंगी तथा संबंधित विभागों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश प्रदान करेंगी। शिविर में वार्डवासियों को नगर निगम की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, राजस्व संबंधी सेवाओं, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, निर्माण कार्यों सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान का अवसर मिलेगा। नगर निगम प्रशासन द्वारा शिविर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में उपायुक्त, संबंधित सहायक यंत्री, उपयंत्री, जोन प्रभारी, एनयूएलएम सिटी मैनेजर, योजना प्रभारी, राजस्व अधिकारी, प्रकाश प्रभारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। नगर निगम ने महर्षि दयानंद वार्ड के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत करने की अपील की है, ताकि उनका त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जा सके।

### एक पेड़ मां के नाम अभियानः आईटी आई परिसर में हुआ पौधरोपण

**सागर।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के उद्देश्य से संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने सोमवार को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पहुंचे। यहां उन्होंने संस्थान के अधिकारियों, स्टाफ एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के साथ परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी से पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि एक पेड़ एक जिंदगी केवल एक नारा नहीं, बल्कि मानव जीवन की वास्तविक आवश्यकता है। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण हम सभी का नैतिक दायित्व बन गया है। जिस प्रकार जल और वायु के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, उसी प्रकार वृक्षों के बिना स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण संभव नहीं है।[र विधायक जैन ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच अधिक से अधिक वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने ली समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

# जुलाई में सोयाबीन की बुवाई का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश, खाद की कमी न होः सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में सहकारिता, एमपी एग्रो, बीज निगम, कृषि, वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं मंडी बोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त पी.सी. शर्मा सहित संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### खरीफ बुवाई में तेजी लाने के निर्देश

कमिश्नर सुचारी ने कहा कि संभाग में खरीफ फसलों की बुवाई शीघ्र पूरी कर ली जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जुलाई माह में सोयाबीन की बुवाई का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इसी तरह धान, मक्का, दलहन और तिलहन आदि फसलों की बुवाई भी समय पर पूर्ण हो। उन्होंने बताया कि सागर जिले में सोयाबीन की बुवाई का रकबा पिछले साल की तुलना में बढ़ गया है। सागर जिले में मक्का, सोयाबीन और उड़द प्रमुख फसलें हैं।

### खाद-बीज और ऋण वितरण पर जोर

कमिश्नर ने कहा कि संभाग में खाद की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण बेहतर ढंग से किया जाए। उन्होंने बताया कि संभाग में यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और ई-विकास प्रणाली से खाद वितरण की व्यवस्था में सुधार हुआ है। मांग के अनुरूप खाद की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एमपी एग्रो, बीज निगम और सहकारी बैंकों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर बीज, खाद और केसीसी ऋण उपलब्ध कराए जाएं। बीज गुण नियंत्रण, उर्वरक नियंत्रण और मृदा नमूना विश्लेषण की कार्रवाई बेहतर तरीके से की जाए।

### मंडी और सहकारिता की समीक्षा

कमिश्नर सुचारी ने मंडी बोर्ड की भी समीक्षा की। उन्होंने मंडियों में फसलों की आवक, मंडियों की आय और ई-मंडी प्रणाली की जानकारी ली। उन्हें अवगत कराया गया कि मंडी में मूंग और उड़द की खरीदी जारी है। उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस दिया जा रहा है। उन्होंने उड़द प्रोत्साहन योजना एवं प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सहकारी बैंकों को ऋण वसूली का प्रतिशत बढ़ाने, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का बेहतर संचालन और वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन को भंडारण क्षमता दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी विभाग समन्वय कर कार्य करें ताकि किसानों को समय पर संसाधन मिलें और संभाग में कृषि उत्पादन बढ़े। बैठक में सहकारिता, एमपी एग्रो, बीज निगम, कृषि, वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, म.प्र. राज्य सहकारी बैंक, म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ एवं मंडी बोर्ड संभाग के एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## खुरई सब्जी मंडी उपनिरीक्षक पर जबरन वसूली का आरोप, दुकानदार बोले-पैसे लेने पर रसीद नहीं देते

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

पुरानी गल्ला मंडी स्थित सब्जी मंडी में सोमवार को फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने कृषि उपज मंडी के उपनिरीक्षक नवीन जैन पर जबरन वसूली का आरोप लगाया। विक्रेताओं का आरोप है कि थोक विक्रेताओं से सब्जी खरीदने के बाद जब वे बाजार ले जाते हैं, तो उपनिरीक्षक नवीन जैन उनसे जबरन पैसे वसूलते हैं। उनका कहना है कि अन्य मंडियों में फुटकर विक्रेताओं से या तो पैसे लिए ही नहीं जाते, या बहुत कम लिए जाते हैं।

### दुकानदार बोले-पैसे लेने पर रसीद नहीं देते

दुकानदारों ने बताया कि उनसे प्रति नग के हिसाब से पैसा लिया जाता है, लेकिन इसकी कोई रसीद नहीं दी जाती। अवैध वसूली में मंडी के सफाई मित्र को लगाया गया है। आरोप है कि मंडी बंद होने के बाद भी दुकानों पर जाकर पैसे वसूले जाते हैं, जिसकी रसीद नहीं मिलती। विक्रेताओं ने बताया कि बाहर निकलने से पहले उनकी इस तरह जांच की जाती है, जैसे वे कोई अवैध सामान ले जा रहे हों। इस जांच में इतनी देर कर दी जाती है कि उनकी दुकानदारी का समय निकल जाता है और धूप में रखी सब्जियां खराब हो जाती हैं। दुकानदारों ने कार्यालय में नारेबाजी भी की।

### अवैध वसूली की रिकॉर्डिंग भी दिखाई

दुकानदारों ने अवैध वसूली की रिकॉर्डिंग भी दिखाई। उनका दावा है कि बिना रसीद के प्रतिदिन 15 से 20 हजार रुपए की वसूली होती है, जबकि रजिस्टर में केवल 1530 रुपए टैक्स वसूली दर्शाई गई है। उन्होंने मासिक लाखों रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है।

इस संबंध में खुरई कृषि उपज मंडी सचिव कमलेश सोनकर ने बताया कि मंडी के उपनिरीक्षक की ओर से टैक्स की वसूली की जाती है और दुकानदारों को रसीद भी दी जाती है। उन्होंने लगाए गए सभी आरोपों को सरासर गलत बताया।



## बरोदिया नौनागिर के 870 विद्यार्थियों को वितरित की गई शैक्षणिक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने 870 विद्यार्थियों को कॉपी, पुस्तकें, टिफिन सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भूपेन्द्र सिंह ने सार्वजनिक जीवन में फूल-मालाओं और औपचारिक उपहारों के स्थान पर समाजोपयोगी सामग्री स्वीकार करने का संकल्प लिया है, ताकि लोगों के स्नेह और सम्मान को बच्चों की शिक्षा तथा समाज के कल्याण से जोड़ा जा सके। सार्वजनिक जीवन में मिलने वाले सम्मान को समाजहित से जोड़ने की अनूठी पहल करते हुए उपयोगी सामग्रियों का वितरण मंगलवार को सम्मान जो समाज के काम आए अभियान के तहत शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल, बरोदिया नौनागिर में किया गया। सरोजसिंह ने विद्यार्थियों को सामग्री वितरित करते हुए कहा कि भूपेन्द्र सिंह ने यह संकल्प लिया है कि वे अपने सार्वजनिक सम्मान में फूल-मालाएं, गुलदस्ते अथवा अन्य औपचारिक उपहार स्वीकार नहीं करेंगे। इसके स्थान पर यदि कोई सम्मान स्वरूप कॉपी, पुस्तकें, टिफिन, स्कूल बैग अथवा बच्चों के उपयोग की अन्य सामग्री भेंट करता है, तो उसे क्षेत्र के विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पहल केवल सम्मान की परंपरा में बदलाव नहीं है, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व का एक प्रेरक उदाहरण है। किसी भी जनप्रतिनिधि को मिलने वाला सम्मान तभी सार्थक माना जा सकता है, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी भावना के साथ आज बरोदिया नौनागिर से इस वितरण अभियान की शुरुआत की गई है और आगामी दिनों में खुरई विधानसभा क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में भी विद्यार्थियों के बीच सम्मान स्वरूप प्राप्त सामग्री का वितरण किया जाएगा।

## पैदल नहीं साइकिल से स्कूल जाएंगे बच्चे साढ़े 7 सौ से अधिक साइकिलें बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सागर जिले के गढ़ाकोटा में अब छात्र छात्राओं को पैदल स्कूल नहीं आना पड़ेगा। बल्कि अब साइकिल से स्कूल आने जाने में सुविधा होगी। खासकर दूर-दराज से आने वाले बच्चों को ज्यादा आसानी होगी। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव ने साढ़े 7 सौ से ज्यादा बच्चों को तोहफा देते हुए उन्हें निःशुल्क साइकिल वितरित की हैं। इसके अलावा छात्राओं की संख्या ज्यादा होने की वजह से एक बड़ी घोषणा करते हुए गोपाल भार्गव ने अतिरिक्त कक्ष बनवाने की भी बात कही।दरअसल गढ़ाकोटा में सरकारी गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें पूर्व मंत्री विधायक गोपाल भार्गव ने शिरकत की और 762 से ज्यादा छात्र-छात्राओं को साइकिल बांटी। इसके पहले उन्होंने क्लासरूम और मंच का नवीनीकरण सात कक्षों का टीनशेड साथ ही प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में 15 स्कूलों के 762 छात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलो का वितरण किया गया। जिसमें संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चनौआ, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढाकोटा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़िया अग्रसेन, शासकीय हाई स्कूल उदयपुरा, शासकीय हाई स्कूल चौरई, नवीन कन्या साबूलाल हाई स्कूल नदी पार गढाकोटा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुन्जोरा, शासकीय हाई स्कूल रोन, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला गढाकोटा, शासकीय नवीन माध्य मिक शाला गढाकोटा, शासकीय हाई स्कूल हरदी, शासकीय हाई स्कूल कुंअरपुर, शासकीय हाई स्कूल उमरा के छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में पहुंचे थे।


इस दौरान गोपाल भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार बेटियों की शिक्षा,सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों से स्कूल आने वाली छात्राओं को होने वाली कठिनाइयों को कम करने साइकिल वितरण योजना चलाई जा रही है।

गोपाल भार्गव बोले की साइकिल मिलने से छात्राओं का समय बचेगा। स्कूल तक उनकी पहुंच आसान होगी। पढ़ाई बीच में छोड़ने की समस्या में भी कमी आएगी।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, बसंत यादव,सु श्री स्वामी दुबे सहायक संचालक रहली, विद्युत मंडल से ओपी अग्रवाल, पार्षद, प्राचार्य हरिशंकर सोनी, प्राचार्य अनुज पटेल बालक शाला सहित स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षक समेत अन्य गणमान्य नागरिक व अभिभावकों की मौजूदगी रही।

## निगमायुक्त के निर्देशानुसार आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई प्रारंभ

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शहर में आवारा रूप से विचरण करने वाले पशुओं को पकड़ने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। सोमवार को नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आवारा पशुओं की पकड़ने की कार्रवाई की गई। निगमायुक्त ने कहा कि मुख्य सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले आवारा पशु न केवल नगर निगम द्वारा लगाए गए पौधों एवं हरित क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी बाधा उत्पन्न कर दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ा रहे हैं। नागरिकों की सुरक्षा एवं शहर की सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से आवारा जानवरों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण टीम द्वारा सड़कों पर विचरण कर रहे आवारा पशुओं को पकड़कर निर्धारित स्थानों पर भेजने की कार्रवाई की गई। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आवारा जानवरों को पकड़ने की कार्रवाई निरंतर जारी रखें तथा शहर के प्रमुख मार्गों को आवारा पशुओं से मुक्त कराया जाए। नगर निगम ने पशुपालकों से भी अपील की है कि वे अपने पशुओं को खुला न छोड़ें तथा उन्हें निर्धारित स्थानों पर ही रखें, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण प्रभावित न हो।





## ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल ने 25 लाख से अधिक की स्कॉलरशिप व अवार्ड की राशि प्रदान की

**सागर।** ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीबीएसई बोर्ड परीक्षामें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को एक्सीलेंस अवॉर्ड एवं स्कॉलरशिप प्रदान करने का कार्य करता आ रहा है। ज्ञात हो कि ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन प्रतिवर्ष कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 80% 85% 90% एवं 95% अंक प्राप्त करने पर क्रमशः 7000, 10000, 15000 एवं 20000 रुपये एवं स्कूल टॉपर विद्यार्थी को 25000 रुपये की राशि एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड के रूप में प्रदान करता है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा वर्ष 2023-24 में 3 लाख 17 हजार, वर्ष 2024-25 में 3 लाख 6 हजार एवं वर्ष 2025-26 में 4 लाख 91 हजार इस तरह अब तक कुल 25 लाख से अधिक की राशि विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कॉलरशिप एवं अवार्ड के रूप में राशि विद्यार्थियों को प्रदान की जा चुकी है। सत्र 2025-26 मेंकक्षा 12वीं में अदिति जैन 95.6% 25000 रूपये, आर्या जैन 94.4% 15000 रूपये, रिमशा खान 94% 15000 रूपये, वेदिका पांडे 94% 15000 रूपये, अनुष्का जैन 90.4% 15000 रूपये। कक्षा 10वीं में आदित्य साबत 97.2% 20000 रूपये, सेलीना शेख 96.7% 20000रूपये, प्रियम कुर्मी 96.4% 20000रूपये, नरगिस खान 95.6% 20000 रूपये, शान्तनु जैन 94.6% 15000 रूपये एवं अन्य 27 छात्रों को भी स्कॉलरशिप एवं अवार्ड प्रदान किए गए। ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल एकेडमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर खेल स्कॉलरशिप भी प्रदान करता है। उत्कृष्ट खेल स्कॉलरशिपनेशनल लेविल शूटिंग अनन्या रोहितास 15000 रूपये नेशनल लेविल एथलेटिक्स अंजी अहिरवार 15000 रूपये वेस्ट ज़ोन शूटिंग संस्कृति सोनी 10000 रूपये, राज्य स्तरीय तैराकी आदित्य द्विवेदी 10000 रूपये, राज्य स्तरीय ताइक्वांडो वेद प्रताप सिंह ठाकुर 7000 रूपये , राज्य स्तरीय ताइक्वांडो पेरीविंकल विश्व रंजन 7000 रूपये, विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रा आराध्या तिवारी को संतोष साहू कोविड स्कॉलरशिप के तहत वर्ष 2021 से सम्पूर्ण शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। विद्यालय की चेयरपर्सन पारुल साहू 'केशरी' ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने वृहद वृक्षारोपण दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली

# खुरई विधानसभा क्षेत्र में 18 जुलाई को लगाए जाएंगे एक लाख पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई




खुरई विधानसभा क्षेत्र में 18 जुलाई को ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत एक ही दिन में एक लाख वृक्ष लगाए जाएंगे। अभियान की तैयारी की समीक्षा बैठक में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण का यह अभियान औपचारिकता के लिए नहीं है बल्कि जीवन की आवश्यकता समझ कर हम सभी को पेड़ लगाना है।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ''एक वृक्ष मां के नाम'' अभियान का आरंभ किया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अभियान को प्रदेश में गति दी है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष खुरई विधानसभा क्षेत्र ने एक ही दिन में 65 हजार पौधे रोप कर रिकार्ड बनाया था जिसके लिए हमारे चारों नगरीय निकायों को मध्यप्रदेश शासन की ओर से प्रशस्ति-पत्र दिया गया था। यह तभी संभव हुआ जब अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने टीम भावना से काम किया था। क्षेत्र की जनता ने जिस तरह से घरों से निकल कर पौधे लगाए देख कर लगता था कि चुनाव के मतदान जैसा वातावरण है।

उन्होंने कहा कि इस बार एक लाख वृक्षों का रोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा। खुरई विधानसभा क्षेत्र की जनता ने हमेशा ग्रीन खुरई-क्लीन खुरई के संकल्प को पूरा करने में आगे बढ़ कर अपना योगदान दिया है। इस बार भी संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार से वृक्षारोपण में बड़ी संख्या में सदस्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह तथ्य अब सभी समझने लगे हैं कि वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है इसलिए आगे की पीढ़ियों के लिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाना होंगे। यह वर्तमान के लिए तो महत्वपूर्ण है ही साथ ही हमारी हमारी भविष्य की पीढ़ी के लिए बड़ा काम है। बच्चों को पढ़ाना और बढ़ाना तभी सार्थक होगा जब हम उन्हें स्वच्छ पर्यावरण और सांस लेने के लिए शुद्ध हवा भी दे सकें जो सिर्फ वृक्ष लगाने से संभव हो पाएगा।

पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि गत वर्ष भी हमने स्थल चयन कर व्यवस्थाएं संभाली थीं। वृक्षारोपण के लिए समाज तभी आगे आती है जब जनप्रतिनिधिगण उन्हें प्रेरित करते हैं। सभी पार्षद 4-5 वार्डों के क्लस्टर बना कर बैठक कर लें और अपने दायित्व व भूमिकाएं तय कर लें। नपा सीएमओ अध्यक्ष व पार्षदों के साथ बैठ कर कार्ययोजना कार्य विभाजन तय कर लें। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पार्षद अजीत सिंह अजमानी वृक्षारोपण अभियान के लिए नगर के समन्वयक की भूमिका में रहेंगे। जनपद सीईओ भी सरपंच, सचिव, रोजगार सहायकों के साथ बैठक कर जिम्मेदारी तय कर लें। इसी प्रकार सभी विभागीय अधिकारी अपने स्टाफ की बैठकें लेकर रूपरेखा तय कर लें। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई को हम सभी एक बार फिर समीक्षा बैठक करेंगे। पूर्व मंत्री सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र की जनता, कार्यकर्ताओं और सभी व्यावसायिक, सामाजिक संस्थाओं से इस वृहद वृक्षारोपण अभियान में शामिल हो कर वृक्षारोपण करने का आग्रह किया है।

पूर्व गृहमंत्री ने यहां के पुराने विधायक निवास प्रांगण में प्रति सोमवार आयोजित होने वाले जनचैपाल कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजनता को संबोधित करते हुए कहा कि 18 जुलाई को आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए सभी को नगर पालिका और जनपद पंचायत कार्यालय के माध्यम से निशुल्क फलदार पेड़ों के स्वस्थ पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। नपा व जनपद पंचायत के माध्यम से वृक्षारोपण के स्थल चिन्हित किए जाकर वहां गड्ढे व आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इन स्थलों पर पहुंच कर सभी इच्छुक जन वृक्षारोपण कर सकते हैं,रोपे गए वृक्ष के साथ ही अपने किसी पूर्वज के नाम की पट्टिका भी लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी पौधे लगाते हुए अपनी फोटो वीडियो को सोशल मीडिया और बताए गए वाट्सएप नंबर पर पोस्ट करें।

## फरियादी बोला: आरोपी लगातार दे रहे जान से मारने की धमकी

# हमले के 34 दिन बाद भी आरोपी घूम रहे खुलेआम, एसपी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से परेशान पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। फरियादी का आरोप है कि घटना के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस ने मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। इससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार उसे व उसके परिवार को धमकियां देकर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं। बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैलपुरा निवासी प्रदीप चौरसिया द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन में बताया गया कि 10 जून की शाम करीब 6 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान ग्राम लखैरी निवासी पन्नालाल यादव, भान सिंह यादव तथा छोटू उर्फ धर्मेंद्र यादव सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में फरियादी के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उसका सिर फट गया। बीच-बचाव करने आई उसकी मां के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उनके हाथ में फ्रैक्चर सहित अन्य चोटें आईं। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के अनुसार घटना के बाद उसे गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकीय परीक्षण में गंभीर चोटों की पुष्टि हुई। मामले में बल्देवगढ़ थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण कायम किया। फरियादी का आरोप है कि मामला दर्ज होने के बावजूद आज तक मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। इससे आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और लगातार परिवार पर समझौते का दबाव बना रहे हैं। आवेदन में यह भी कहा गया है कि आरोपी राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन कर रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा उनके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका समाप्त हो।

### कार्रवाई की जा रही

इस मामले में पुलिस द्वारा तत्परता के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये लगातार कार्यवाही की जा रही है।

**चंदन शाक्य,** थाना प्रभारी बल्देवगढ़

## ढोंगा ग्राउंड का वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय, हाथों में डंडे और हंगामा

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कानून-व्यवस्था को लेकर उठे सवाल, पुलिस की कार्रवाई का इंतजार

**टीकमगढ़।** शहर के ढोंगा ग्राउंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। वायरल वीडियो में कुछ युवक हाथों में डंडे लिए हंगामा करते और आक्रामक अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की घटनाएं होती रहीं और समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो सकते हैं। लोगों का मानना है कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है। कुछ लोगों ने यह भी दावा किया कि पिछले एक वर्ष के दौरान शहर में आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए हैं। वायरल वीडियो को लेकर फिलहाल पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है। यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि वीडियो कब का है, उसमें दिखाई दे रहे युवक कौन हैं और हंगामे की वास्तविक वजह क्या थी। ऐसे में वायरल वीडियो के आधार पर किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। अब लोगों की नजर पुलिस की जांच और कार्रवाई पर टिकी हुई है।



# फिज़ा रंगरेज का मप्र नाट्य विद्यालय में हुआ चयन

### देशभर से हजारों प्रतिभागियों में केवल 26 सीटों पर चयन, रंगमंच के प्रति समर्पण व वर्षों की मेहनत लाई रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के लिए गौरव की बात है कि पाहुना लोक जन समिति की सक्रिय रंगकर्मी फिज़ा रंगरेज का चयन प्रतिष्ठित मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय में हुआ है। देशभर से आए हजारों प्रतिभागियों के बीच केवल 26 सीटों पर होने वाले इस चयन में फिज़ा ने अपनी प्रतिभा और वर्षों की रंगमंच साधना के बल पर स्थान बनाया है। उनके चयन से न केवल पाहुना नाट्य संस्था बल्कि पूरे टीकमगढ़ जिले में खुशी का माहौल है। फिज़ा रंगरेज ने बताया कि जब वह मात्र 12 वर्ष की थीं, तब उन्होंने पाहुना नाट्य संस्था द्वारा आयोजित बाल नाट्य कार्यशाला में भाग लिया था। वहीं से उनके रंगमंचीय सफर की शुरुआत हुई। लगातार रंगमंच से जुड़ते हुए उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आए और अभिनय के प्रति उनका लगाव लगातार बढ़ता गया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु संजय श्रीवास्तव एवं संदीप श्रीवास्तव को देते हुए कहा कि दोनों ने उन्हें रंगमंच की बारीकियां सिखाईं और हर कदम पर मार्गदर्शन दिया। फिज़ा ने कहा कि मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय में चयन उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने अपने माता-पिता का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका उत्साहवर्धन किया और इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित किया। फिज़ा ने कहा कि वह आगामी दो वर्षों तक पूरी मेहनत और लगन से नाट्य कला का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी तथा सीखी हुई कला और अनुभव को लेकर वापस टीकमगढ़ लौटेंगी, ताकि अपनी संस्था और जिले के रंगमंच को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दे सकें। पाहुना लोक जन समिति के रंगकर्मी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय में प्रतिवर्ष केवल 26 सीटें निर्धारित होती हैं। इन सीटों के लिए पूरे देश से हजारों प्रतिभागी आवेदन करते हैं, जिनमें से कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद केवल 26 अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है। इस वर्ष पाहुना नाट्य संस्था से फिज़ा रंगरेज का चयन होना संस्था और टीकमगढ़ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि फिज़ा की यह उपलब्धि जिले के युवा कलाकारों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और यह साबित करती है कि प्रतिभा, समर्पण और सतत अभ्यास के बल पर छोटे शहरों के युवा भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।



# पदोन्नति सिर्फ पुरस्कार नहीं, बल्कि विभाग द्वारा जताया गया विश्वास: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

### कंधों पर सजे नए सितारे, बढ़ीं नई जिम्मेदारियां, दो अधिकारी पदोन्नत

उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन, निष्ठा और समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किए जाने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए टीकमगढ़ पुलिस में मंगलवार को पदोन्नति सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में दो अधिकारियों को पदोन्नति पर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा नई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। समारोह में सीसीटीएनएस शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक रत्नेश बेड़िया के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) पद पर पदोन्नत होने पर पुलिस अधीक्षक ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। वहीं जिला वैज्ञानिक अधिकारी प्रदीप यादव के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें मिष्ठान खिलाकर बधाई दी और उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि पदोन्नति केवल सेवा का पुरस्कार नहीं, बल्कि विभाग द्वारा जताया गया विश्वास और नई जिम्मेदारियों का दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदोन्नत अधिकारी से अपेक्षा रहती है कि वह अपने अनुभव, कार्यकुशलता और ईमानदार कार्यशैली के माध्यम से विभाग की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए तथा आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में अनुशासन, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना सबसे महत्वपूर्ण है। प्रत्येक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी को अपने आचरण एवं कार्यशैली से समाज में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक मजबूत करना चाहिए। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जवाबदेह और संवेदनशील पुलिसिंग ही टीकमगढ़ पुलिस की पहचान है।

पदोन्नति प्राप्त दोनों अधिकारियों ने भी विभाग द्वारा दिए गए सम्मान और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और अधिक निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मीकांत कड़ा, प्रधान आरक्षक सुनील प्रजापति सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण आत्मीयता और उत्साह से परिपूर्ण रहा तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डायल-112 बनी मासूम की मुस्कान, परिवार से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



मानवीय संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और जनसेवा के अपने दायित्व को निभाते हुए टीकमगढ़ पुलिस ने एक बार फिर मिसाल पेश की। थाना पलेरा क्षेत्र में रास्ता भटक गई पांच वर्षीय मासूम बच्ची को डायल-112 पुलिस टीम ने सुरक्षित संरक्षण में लेकर कुछ ही देर में उसके परिजनों से मिलवा दिया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस की तत्परता एवं संवेदनशील कार्यशैली की मुक्तकंठ से सराहना की। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को आमजन की आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और संवेदनशील सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 13 जुलाई की सुबह करीब 10 बजे डायल-112 को सूचना मिली कि थाना पलेरा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-15 के पास लगभग पांच वर्षीय एक बालिका अकेली घूम रही है और रास्ता भटक गई है। सूचना मिलते ही डायल-112 वाहन तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचे डायल-112 में तैनात आरक्षक प्रवेंद्र पटेल एवं पायलट जगदीश कुशवाहा ने बच्ची को सुरक्षित संरक्षण में लिया। उस समय मासूम काफी घबराई हुई थी और अपने घर या परिजनों के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी। पुलिस टीम ने धैर्य और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की तथा बच्ची के परिजनों की तलाश में जुट गई। पुलिस की सक्रियता रंग लाई और कुछ ही समय बाद बच्ची के परिजन उसे तलाशते हुए मौके पर पहुंच गए। इस दौरान संबंधित विद्यालय का स्टाफ भी वहां मौजूद हो गया। आवश्यक पहचान और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बालिका स्कूल से निकलने के बाद रास्ता भटक गई थी। समय रहते पुलिस की सक्रियता से बच्ची सुरक्षित मिल गई और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका टल गई। अपनी बच्ची को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने डायल-112 पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मानवीय व्यवहार ने उनकी बड़ी चिंता को कुछ ही देर में समाप्त कर दिया। टीकमगढ़ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति, दुर्घटना, लावारिस व्यक्ति, गुमशुदगी अथवा अन्य संकट की स्थिति में तत्काल डायल-112 पर सूचना दें। पुलिस हर परिस्थिति में नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए चौबीसों घंटे तत्पर है।

## मड़ावरा रोड पर दो दोस्तों पर लाठी-डंडों से हमला

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्र के मड़ावरा रोड स्थित खाटू श्याम रेस्टोरेंट के पास दो दोस्तों के साथ रास्ता रोककर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पहले गाली-गलौज की गई और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दोनों को घायल कर दिया गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को बचाया, जबकि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद और पांच अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कस्बा महरौनी के नाराहट रोड निवासी बलराम निरंजन पुत्र रतन सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि 8 जुलाई 2026 की शाम करीब 8 बजे वह अपने साथी रवि खटीक पुत्र रमेश खटीक, निवासी डिग्री कॉलेज रोड, महरौनी के साथ सैदपुर से वापस लौट रहे थे। जब दोनों मड़ावरा रोड स्थित खाटू श्याम रेस्टोरेंट के पास पहुंचे, तभी पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया।

## अमरपुर मंडी को लेकर भड़के व्यापारी, आज से व्यापार शुरू होने पर संकट

**ललितपुर।** नवीन गल्ला एवं फल-सब्जी मंडी अमरपुर में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर फल एवं सब्जी व्यापारियों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आया। फल एवं सब्जी व्यापारी कल्याण समिति के बैनर तले व्यापारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मंडी परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर कराने की मांग की।

व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी नहीं की गईं तो 15 जुलाई से प्रस्तावित व्यापार संचालन प्रभावित हो सकता है। इस दौरान सब्जी, फल-फ्रूट व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मो.करीम पप्पू राईन, समिति अध्यक्ष मोहम्मद जमा राईन एवं महामंत्री रघुवीर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से बताया कि मंडी परिसर के बी ब्लॉक की दुकान संख्या 1 से 26 तथा बी एवं सी ब्लॉक के नीलामी चबूतरों पर वर्तमान में गल्ले का भंडारण किया जा रहा है। इससे फल एवं सब्जी व्यापारियों के लिए व्यापार करना कठिन हो गया है। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर सी ब्लॉक के नीलामी स्थल को तत्काल खाली कराया जाए, जिससे व्यापार सुचारु रूप से संचालित हो सके। व्यापारियों ने ज्ञापन में कहा कि दुकानों तक बिजली कनेक्शन तो उपलब्ध करा दिए गए हैं, लेकिन अभी भी विद्युत व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित नहीं है। मंडी में जनरेटर आधारित वैकल्पिक बिजली व्यवस्था नहीं होने से बिजली कटौती के समय व्यापार प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा पेयजल, साफ-सफाई और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं हैं। वर्षाकाल को देखते हुए जलभराव और सुरक्षा संबंधी इंतजाम भी अधूरे बताए गए। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि कई लाइसेंसधारी व्यापारी अभी तक दुकान आवंटन से वंचित हैं। उन्होंने सभी पात्र व्यापारियों को निष्पक्ष और शीघ्र दुकान आवंटित करने की मांग की।

## जनसुनवाई में एसपी मंडलोई ने सुनीं फरियादें, दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

# हर नागरिक की समस्या हमारे लिए है महत्वपूर्ण: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पुलिस और आमजन के बीच विश्वास, पारदर्शिता तथा बेहतर संवाद स्थापित करने की दिशा में टीकमगढ़ पुलिस की साप्ताहिक जनसुनवाई प्रभावी मंच बनकर उभर रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में प्रत्येक मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में न केवल नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जा रहा है, बल्कि उनके समयबद्ध और निष्पक्ष निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, धोखाधड़ी, साइबर अपराध सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस ने प्रत्येक आवेदन को केवल एक शिकायत नहीं, बल्कि उससे जुड़े व्यक्ति और उसके परिवार की उम्मीदों और विश्वास के रूप में देखा। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य प्रकरणों में जांच कर समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने फरियादियों को यह भरोसा भी दिलाया कि प्रत्येक मामले की निष्पक्षता के साथ समीक्षा कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के साथ सुना गया। इन वर्गों की समस्याओं के निराकरण में विशेष संवेदनशीलता बरतते हुए उन्हें सम्मानजनक एवं सहज पुलिस सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनसुनवाई व्यवस्था को जिले के प्रत्येक थाना एवं चौकी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। इससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर ही उनकी शिकायतें दर्ज कर उनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इससे पुलिस सेवाएं अधिक सुलभ, जवाबदेह और जनोन्मुखी बन रही हैं। टीकमगढ़ पुलिस का मानना है कि नियमित जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद लगातार मजबूत हो रहा है। आमजन अब अधिक विश्वास के साथ अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रख रहे हैं, वहीं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी पुलिस को जनता का सहयोग मिल रहा है। यह पहल सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने के साथ पुलिस और समाज के बीच विश्वास की नई मिसाल स्थापित कर रही है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि हर नागरिक की समस्या हमारे लिए महत्वपूर्ण है। जनसुनवाई केवल शिकायत सुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। टीकमगढ़ पुलिस का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति को संवेदनशील व्यवहार, निष्पक्ष कार्रवाई और समय पर न्याय का भरोसा मिले। जनविश्वास ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और इसे बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर प्रदर्शन

ललितपुर। घंटाघर प्रांगण में थाना महरौनी के ग्राम भडरऊ निवासी ओमप्रकाश तिवारी अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि उनकी गर्भवती पुत्री विशाखा तिवारी की दहेज के लिए ससुराल पक्ष ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चार चोटों का उल्लेख है, इसके बावजूद नामजद आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। पीड़ित पिता ने बताया कि इस मामले में थाना महरौनी में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जाम खुलवाने नेता और पुलिस में जमकर हुई तकरार

# चोरी के विरोध में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला मुख्यालय से सटे चोंडपुर गांव में चोरी की घटना को लेकर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा ने ग्रामीणों के साथ शहर के पाली रोड पर देहात थाने के सामने सडक पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। करीब 20 मिनट तक चले चक्काजाम को खुलवाने के लिए पहुंचे पुलिस कर्मियों और धरना दे रहे ग्रामीणों के बीच खूब तू-तू में-में वाली तकरार भी देखने को मिली। जाम लगने की वजह से सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सोमवार—मंगलवार की दरमियानी रात चोंडपुर गांव में कमलेश मीणा के यहां हुई चोरी से नाराज ग्रामीणों ने दोपहर 12:00 बजे के बाद देहात थाने के सामने जाम लगा दिया। ग्रामीणों के साथ पहुंचे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा प्रदर्शन का नेतृत्व करते दिखाई दिए। ग्रामीण पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सड़क पर बैठ गए और श्योपुर पाली सवाई माधोपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सवाई माधोपुर की ओर से बसों में सवार होकर आ रहे यात्री तो बसों से उतर कर पैदल ही गंतव्य को रवाना होते दिखे लेकिन जो यात्री सवाई माधोपुर की ओर जा रहे थे उन्हें जाम खुलने का इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा कई निजी गाड़ियां (फोर व्हीलर और बाइक) की भी लंबी लाइन सडक के दोनों और लग गई। जाम की सूचना मिलते ही देहात थाने से पुलिसकर्मी थाने से बाहर आ गए जिन्होंने जाम लगा रहे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सहित ग्रामीणों को समझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन ग्रामीण समझने को तैयार नहीं थे पहले तो राम भरत मीणा यह कहते रहे कि थाना प्रभारी को बुलाओ उनसे ही बात करेंगे और जब थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए तो राम भरत मीणा उनसे ये बोलते हुए उलझ गए कि आप तो बोल रहे कि में बाहर हूं अब कैसे आ गए, थाना प्रभारी बोले कि बाहर का मतलब फील्ड में था और इसी चोरी की घटना को ट्रेस करने में लगा हुआ था दोनों के बीच इस बात को लेकर भी खूब बहस हुई। चोरो को पकड़ने के आश्वासन के बाद आंदोलनकारी जाम खोलने को राजी हुए और बाद में थाने के भीतर टेबल पर बैठकर चर्चा की यहां भी दोनों ओर से गरमा गरम बहस हुई। जाम और पुलिस से ग्रामीणों की बहस के वीडियो भी सोशल मिडिया पर वायरल हुए और दिन भर मोबाइल में चलते रहे।



#### चौंडपुर में तीन महीने में चौथी चोरी की वारदात

सोमवार मंगलवार की रात हुई चोरी में फरियादी के अनुसार चोर करीब 50 हजार रुपए चुरा कर ले गए। इससे पहले भी इस गांव में चोरियां हो चुकी है युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामभरत मीणा ने बताया कि तीन माह में इस गांव में यह चौथी चोरी की वारदात है और पुलिस एक भी चोरी को ट्रेस नहीं कर सकी है जब पुलिस के हाथ चोरों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं तो फिर थाने खोलकर बैठने का क्या औचित्य है युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने तो पुलिस पर ही चोरों से सांठ गाठ कर चोरी कराने के गंभीर आरोप लगाए। हालांकि पुलिसकर्मी सारे आरोपों को नकारते हुए चोरों को पड़ककर माल बरामद करने का भरोसा जरूर दिला रहे है।

#### स्कूली बच्चों को लाने परेशान हुए अभिभावक

हालांकि जाम अधिक देर तक नहीं लगा पुलिस ने प्रयास कर जल्द ही जाम को खुलवा दिया लेकिन जाम की टाइमिंग के कारण स्कूली बच्चों को अधिक परेशानी हुई जिसके चलते घर बैठे अभिभावक टेंशन में रहे। दरअसल दो पालियो में चलने वाले स्कूलों का समय सुबह 7:00 से दोपहर 12:00 बजे तक और दोपहर 12:00 से शाम 5:00 बजे तक है और 12:00 के समय ही जाम लगने से स्कूली वाहन भी जाम में फंस गए। कई अभिभावक बच्चों को लेने बाइक से स्कूल जा रहे थे जिनके पहुंचने से पहले ही लगे जाम में वह फंस गए और कुछ अभिभावक बच्चों को बाइक पर बैठाकर जाम खुलने का इंतजार करते देखे गए इस कारण भी सोशल मीडिया पर जाम अधिक वायरल हुआ। कुछ अभिभावकों ने भी समस्या को अपने मोबाइल से कैद किया और कुछ ने एसपी को फोन लगाकर सूचना दी जिसके बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आनन-फानन में पूरी शक्ति लगाकर जाम खुलवाया।

#### इनका कहना..

चौंडपुर में ही हुई चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज कर चोरों का पता लगाने की कार्रवाई की जा रही है। उम्मीद है कि चोरी की घटना जल्द ही ट्रेस कर ली जाएगी। मंगलवार को थाने के सामने सड़क पर जाम लगाकर लोगों को परेशान किए जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाने का काम किया। जिन्होंने जाम लगाकर आमजन को परेशान करने का काम किया है,उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

राहुल रघुवंशी
थाना प्रभारी देहात

### भोपाल से जारी आदेश से डिमोशन के दायरे में आने वाले पुलिसकर्मियों को मिली राहत

# एक डीएसपी, 2 टीआई, 24 हवलदारों पर बना डिमोशन का खतरा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कार्यवाहक पदोन्नति पाने वाले जिले के 27 पुलिसकर्मियों पर मंडरा रहा डिमोशन (मूल पद पर वापसी) का खतरा फिलहाल टल गया है। गृह विभाग ने पदोन्नति आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि जिन अधिकारी और कर्मचारियो को अभी नियमित पदोन्नति नहीं मिली है, वे भी अपने मौजूदा कार्यवाहक पद पर बने रहेंगे। गृह विभाग के इस आदेश से श्योपुर जिले में पदस्थ एक डीएसपी, 2 टीआई और 24 प्रधान आरक्षकों को भी राहत मिल गई है।

दरअसल पुलिस विभाग में इन दिनों रेगुलर प्रमोशन दिए जा रहे है। इसके पहले वर्ष 2021 में कार्यवाहक पदोन्नति दी गई थी। उस समय प्रदेशभर के कई पुलिसकर्मियों को आरक्षक से कार्यवाहक प्रधान आरक्षक, प्रधान आरक्षक से कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक से कार्यवाहक उप निरीक्षक, उप निरीक्षक से कार्यवाहक निरीक्षक तथा निरीक्षक से कार्यवाहक डीएसपी पद का प्रभार दिया गया था। अब पुलिस विभाग में रेगुलर प्रमोशन दिए जा रहे है। प्रमोशन की प्रक्रिया के दौरान जो पुलिसकर्मी अनफिट पाए जा रहे है,उन्हें रेगुलर प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है। जिसकारण कार्यवाहक पद का प्रभार लेने वाले कई पुलिसकर्मी इस रेगुलर प्रमोशन के दायरे से बाहर हो गए है। जिसके चलते उनके डिमोशन का संकट उत्पन्न हो गया है। आरक्षक से प्रधान आरक्षक के प्रमोशन के दौरान श्योपुर जिले के 24 कार्यवाहक प्रधान आरक्षक रेगुलर प्रधान आरक्षक नहीं बन पाए। इसलिए उनका डिमोशन होना तय हो गया था। वहीं जिले के एक डीएसपी और 2 टीआई स्तर के पुलिस अधिकारियों पर भी डिमोशन की तलवार लटकी नजर आ रही थी। मगर सोमवार को गृह विभाग की ओर से जारी आदेश से डिमोशन का खतरा टल गया है। भोपाल स्तर से जारी विभागीय आदेश में कहा गया है कि जो कार्यवाहक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी किन्ही कारणो से पदोन्नति पाने से वंचित रह गए है, ऐसे सभी कार्यवाहक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी आगामी आदेश तक कार्यवाहक पद पर पूर्व की भांति कार्य करते रहेगे। उन्हें फिलहाल उनके मौजूदा कार्यवाहक पद से नहीं हटाया जाएगा।

#### टीआई जादौन और चौहान बने डीएसपी

भोपाल स्तर से निरीक्षक से डीएसपी पद पर पदोन्नति दिए जाने वाली लिस्ट जारी हो गई है। जिसके चलते श्योपुर कोतवाली में बतौर टीआई पदस्थ रह गए निरीक्षक योगेन्द्र सिंह जादौन तथा बडौदा टीआई सतीश सिंह चौहान पदोन्नत होकर डीएसपी बन गए है। उधर बडौदा एसडीओपी अवनीत शर्मा तथा विजयपुर एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर भी रेगुलर डीएसपी बन गए है। उनके नाम के आगे लगने वाला कार्यवाहक शब्द अब हट गया है। इसके अलावा श्योपुर जिले में पदस्थ रह गए टीआई जितेन्द्र नगाईच, मनोज कुमार झा, संजीव तिवारी भी पदोन्नत होकर डीएसपी बन गए है।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान सुनी 240 आवेदकों की समस्याएं

# जनसुनवाई में पहुंचा निर्धारित दुकानों से किताबें खरीदने का मामला, कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कलेक्टर शीला दाहिमा ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 240 आवेदकों की समस्याए सुनते हुए जहां कई लोगो की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया,वहीं कुछ लोगो को जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाया। निर्धारित दुकानों से ही निजी स्कूलो की किताबे खरीदने का मामला भी जनसुनवाई में पहुचा। जनसुनवाई में पहुंचे पवन माली, रामकिशन सुमन, दीपक सुमन, सुरेश लोधा,राम सिंह आदि ने कलेक्टर शीला दाहिमा को आवेदन सौंपते हुए अवगत कराया कि कई निजी स्कूल अभिभावको को निर्धारित दुकानों से ही किताबे खरीदने के लिए बाध्य कर रहे है। इस मामले में कलेक्टर ने डीईओ यश जैन को निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण कर विशेष दुकानो से ही किताबे खरीदने संबंधी मामलों में संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की जायें तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराया जायें।

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा जनसुनवाई के दौरान आवेदन पर श्योपुर निवासी बालिका शिवानी माहौर को विधिक सहायता प्रदान कराई गई, बालिका ने बताया कि उनकी पैतृक संपत्ति बडौदा कस्बे में है, जिनका नामांतरण उसके नाम से हो गया है, लेकिन दुकान खाली नही हो रही है। स्पॉन्सरशिप योजना की लाभार्थी बालिका के माता-पिता भी नही है। इस मामले में तहसीलदार बडौदा को कार्यवाही करने तथा विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शाडिल्य के माध्यम से निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। गिरवर का पुरा निवासी मेघ सिंह बंजारा द्वारा बताया गया कि उसके पुत्र क्रमशः 5वी एवं 7वी कक्षा में पढते है, उन्हें श्योपुर स्थित छात्रावास में आवासीय सुविधा प्रदान की जायें। इस मामले में कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई के दौरान जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कक्षा 5वी एवं 7वी में पढने वाले बच्चों को छात्रावास में रहने की सुविधा प्रदान की जायें। ग्राम निमानिया निवासी नरोत्तम आदिवासी द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया कि उसकी पुत्री अर्चना आदिवासी की समग्र आईडी में पिता का नाम दर्ज नही होने से विद्यालय में प्रवेश लेने में परेशानी आ रही है। इस पर ई-गर्वेनेस प्रबंधक के माध्यम से समग्र आईडी में तत्काल ही नाम दर्ज करने की कार्यवाही की गई। जबकि ग्राम मलपुरा निवासी दिव्यांग जगदीश सुमन द्वारा बैसाखी प्रदाय किये जाने की मांग पर सामाजिक न्याय विभाग को निर्देशित किया गया कि बैसाखी उपलब्ध कराई जायें। जनसुनवाई कार्यक्रम में एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण एवं राष्ट्रीय चेतना को विकसित करने का प्रभावी साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रीय चेतना को विकसित करने का प्रभावी साधन है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा के साथ-साथ खेल, संस्कार एवं सामाजिक गतिविधियों को भी महत्व देती है।

यह बात मंगलवार को बडौदा स्थित स्कूल परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बडौदा इकाई द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर बोलते हुए अतिथियों ने कही। शुभारंभ अवसर पर नगर परिषद के प्रतिनिधि राजू सुमन व विधालय प्राचार्य सुरेश नागर, जिला संयोजक गणेश शर्मा, भाग संयोजक राज सोलंकी आदि अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर तथा खेल भावना के साथ खेल खेलने का आह्नान किया गया।कबड्डी प्रतियोगिता में कबड्डी संघ बड़ौदा की टीम विजेता और राजीव गांधी स्कूल की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बड़ौदा राज कुमार महिपत सिंह गौर तथा अन्य अतिथियो ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर मंत्री भानु वैष्णव, तुषार शर्मा , प्रिंस सेन , अंकित वाल्मीक, मोहित चौहान, देवराज वाल्मीक, कपिल सोनी, ऋषिराज शर्मा , कपिल सोनी , दर्शन गौतम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने कुदाल चलाकर किया विभिन्न कार्यों का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका परिषद श्योपुर द्वारा वार्ड नं 16 की विभिन्न गलियों में निर्माण होने वाले करीब 30 लाख रुपए से लागत के सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग की उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण एवं प्रदेश प्रबंध समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया ने कुदाल चलाकर निर्माण कार्यो का शुभारंभ किया। इस दौरान नपाध्यक्ष ने कार्य शुरू होने से पूर्व विधिवत भूमि पूजन किया। विभिन्न कार्यों का शुभारंम करने पहुंचे नपाध्यक्ष सहित अतिथियों का पार्षद कौशर अंसारी ने स्वागत किया और कराए जाने वाले कार्य के लिए आभार जताया। इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, पार्षद प्रतिनिधि मेहमूद अंसारी व वार्डवासी मौजूद रहे।

### रसोईया मानदेय घोटाला के बाद जिले में भी बड़ी सतर्कता

# पीएम पोषण शक्ति योजना में सख्ती, अब ई-केवाइसी के बाद ही डलेगा रसोईया के खाते में मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत सरकारी स्कूलों में बच्चों को खिलाए जाने वाला भोजन को बनाने के मामले में जो गड़बड़ घोटाला पूरे प्रदेश में सामने आया है उसकी आंच से श्योपुर में भी गर्माहट आयी दिखाई दे रही है। जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने सभी रसोइयाओं की ईकेवाईसी कराने के निर्देश दे दिए हैं। ईकेवाईसी करने के बाद ही रसोईयाओं के खातों में अगला मानदेय डाला जाएगा। ज्ञात हो कि एक खबर के अनुसार प्रदेश में 74000 रसोईया ऐसी मिली है जिनके नाम से दूसरे बैंक अकाउंट में मानदेय का भुगतान डाल रहा है। ये करीब 20 करोड़ का गड़बड़ घोटाला बताया जा रहा है।

पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत प्रदेश स्तर पर रसोइयाओ के बैंक खातों में मानदेय डाले जाने में हुया गड़बड़ घोटाला सामने आने के बाद सरकार ने मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं वहीं जिला प्रशासन में भी ऐसी गड़बड़ी को रोकने के लिए कमर कस ली है लेकिन प्रश्न नहीं उठाता है कि आखिर यह गड़बड़ी होती क्यों है पड़ताल करने पर सामने आया कि यह गड़बड़ी बिल्ली को दूध की रखवाली करने जैसी कहावत चरित्र करने के कारण अधिक हो रही है हमारा आशय उन सरकारी स्कूलों की ओर है जहां पर हेड मास्टर अर्थ लाभ कमाने के चक्कर में समूह की शिकायत कर उन्हें हटवा देते हैं और खुद शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के माध्यम से रोटी बनाने और खिलाने का काम कर रहे हैं श्योपुर जिले में 138 सरकारी स्कूलों में आज भी सरकारी शिक्षक ही भोजन बनाने खिलाने का काम कर रहे हैं अब जब सरकारी शिक्षक खुद भोजन बनाएंगे खिलाएंगे तो शिकायत कौन करेगा खाना खिलाओ या ना खिलाओ रिपोर्ट ओके जायगी। यही हाल भोजन बनाने के लिए रसोईया रखने के मामले में भी हो रहा है एमसी संचालित स्कूलों में तो रसोईया हेड मास्टर अपने रिश्तेदारों और पहचान वालों को रखे हुए हैं जबकि उनका भोजन बनाने से कोई नाता नहीं है और भोजन बनाने का काम दूसरी महिलाएं कर रही है मानदेय शिक्षक के रिश्तेदार महिला के खाते में जा रहा है।



#### ई-केवाइसी के बाद ही रसोईया के खाते में डलेगा पैसा

प्रदेश में पीएम पोषण शक्ति योजना में हुए गड़बड़ घोटाले के उजागर होने के बाद जिप सीईओ सौम्या आनंद ने जिले के तीनो बीआरसी को निर्देशित किया है की वह 20 जुलाई से पहले सभी रसोइयाओ की ईकेवाईसी कराने के बाद ही संबंधित रसोईया के खाते में पैसा डाला जाएगा। गेटन के पूरे प्रदेश में 74000 रसोईया है जिन्हें सभी को एक केवाईसी करने के निर्देश दिए गए हैं ईकेवाईसी में यह सामने आ जाएगा कि जिस खाते में पैसा डाला जा रहा है वह खाता उस महिला का है या नहीं जिसका नाम स्कूल में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत भोजन बनाने के नाम पर रसोईया के रूप में लिखा हुआ है केवाईसी से यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि जिस महिला के खाते में रसोईया के नाम से प्रति माह 2000 जा रहे हैं कहीं वह किसी शिक्षक या अधिकारी के रिश्तेदार तो नहीं जिसे अतिरिक्त रसोइया के रूप में रखा हुआ हो और काम करने के बजाय वह सिर्फ मानदेय का भुगतान अपने बैंक अकाउंट में करवा रही है।

#### 1136 स्कूल 998 में समूह 138 में शिक्षक बना रहे खाना

श्योपुर जिले के कक्षा एक से आठवीं तक के 1136 सरकारी स्कूलों में से 998 में महिला स्व सहायता समूह तथा 138 में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के नाम से खुद हेड मास्टर भोजन बनाने का काम कर रहे हैं। शिक्षकों को भोजन बनाने के से रोकने के बजाय बीआरसी और दूसरे अधिकारी उन्हें प्रोत्साहन क्यों दे रहे हैं यह समझ से पर है यही गड़बड़ी सबसे अधिक है हेड मास्टर को बच्चों के भोजन पर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं ताकि महिला समूह गड़बड़ी न कर ले लेकिन जब हेड मास्टर खुद भोजन बनाया खिलाएगा और उससे होने वाले मुनाफे को खुद हासिल करेगा तो फिर शिकायत किस्से की जायगी।

#### इनका कहना...

सभी तीनों बीआरसी को निर्देशित किया गया है कि 20 जुलाई से पहले सभी रसोइया की ई-केवाईसी करवाई जाए। ई-केवाईसी करने के बाद ही अगला मानदेय रसोईया के खातों में डाला जाएगा। पीएम पोषण शक्ति योजना में कोई गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी।

सौम्या आनंद
जिप सीईओ श्योपुर

### सुरमयी श्योपुर संध्या में बिखरे सावन के रंग

# प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन करने कलेक्टर ने खुद गाया सावन गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

भागम-भाग वाली जिंदगी से लोगों मानसिक रूप से शांति का एहसास कराने के उद्देश्य से कलेक्टर शीला दाहिमा की पहल पर शुरू हुए क्रियेटिव श्योपुर की संकल्पना पर आधारित पहले कार्यक्रम में उस समय महफ़लि भाव विभोर हो गई जब प्रतिभाओ के उत्साह वर्धन के लिए कलेक्टर ने खुद सावन गीत की शानदार प्रस्तुति दी। बीती रात श्री हजारेश्वर मेला रंगमच पर भव्य रूप से संपन्न हुई सुरमयी श्योपुर संध्या में स्थानीय कलाकारो ने सावन गीतों की एक से बढकर एक प्रस्तुतियां दी।

श्योपुर-सावन संध्या गीत संगीत कार्यक्रम में स्थानीय बोली-भाषा, गायनशैली, लोक गीत सहित स्थानीय वादय यंत्रों के वादन से जुडे लोक कलाकारों को प्रोत्साहन हेतु यह मंच उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्ती पत्र भी प्रदान किये गये।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने कार्यक्रम की शुरूआत में कहा कि क्रियेटिव श्योपुर पहल के तहत सांस्कृतिक, साहित्यक, बौद्धिक एवं रचनात्मकता से जुडे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जायेगे, जिससे विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर प्राप्त होंगे।

भव्य मेला रंगमच पर आयोजित सावन संध्या कार्यक्रम के दौरान गीत संगीत की विभिन्न विधाएं देखने को मिली, किसी ने सावन गीतों की सुरमयी प्रस्तुति दी तो, किसी ने राधाकृष्ण आधारित भजनों की प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिभाव से भर दिया। शास्त्रीय गायन के निपूण कलाकारो द्वारा रागमल्हार की बंदिश ने संमा बांध दिया। लगभग दो दर्जन से अधिक कलाकारो द्वारा अपनी-अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट एवं अशोक गर्ग, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाशनारायण गुप्ता, रेडक्रॉस सचिव दिनेश दुबोलिया, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, एसडीओपी राजीव गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की छात्रा सुश्री मुस्कान कुरैशी ने किया।



#### इन्होने दी प्रस्तुतियां

सांस्कृतिक गतिविधियों को बढावा देने और गीत-संगीत से जुडे कलाकारो को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित सुरमयी श्योपुर सावन संध्या कार्यक्रम की शुरूआत शंभू दयाल शर्मा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद केवीके विद्यालय के नन्हे कलाकार शिवम गोयल, केवीके की छात्राएं भानुप्रिया और गरिमा शर्मा, कु. अंजली दीक्षित, पूरण राठौर, नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों का सामूहिक गान, छात्र राघव द्वारा तबला वादन की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। कॉलेज छात्रा कु. आयुषी भदौरिया, सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। कैलाशनारायण गुप्ता द्वारा ब्रजभूमि वृदांवन के भाव पर आधारित हिंडोला भजन राधा झूलन पधारो-घिर आये बदरा गाकर मन्त्रमुग्ध किया, भूमिका राय, सतीश गोयल, इल्तेमाश खान, मीनाक्षी गौड, अतुल गौड, शुभम जाट सुरेश कुमार राय, नवनीता गागुंली, शंभू शर्मा, बुद्धरिप्रकाश शर्मा, दिलजान राजपूत, मांगीलाल मरमिट, मुस्कान कुरैशी ने आकर्षक प्रस्तुति प्रदान की। वही एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव की धर्मपत्नि सीमा श्रीवास्तव ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। हारमोनियम पर शंभू शर्मा, सुरेश राय, बाबूलाल सेन, तबला प्रदीप राय द्वारा संगत दी गई।

## खबर संक्षेप



### गुमटी का चादर का तार तोड़कर चोरों ने सामान और नकदी उड़ाए

**शाढौरा।** शाढौरा नईसराय रोड रेलवे फाटक के पास स्थित एक रेस्टोरेंट पान मसाला गुमटी को चोरों ने निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की सामग्री की चोरी की घटना को अंजाम दिया। स्थानीय रेलवे फाटक के पास शाढौरा निवासी जीतू यादव नईसरायं जाने बाले रेलवे फाटक के सामने पोहा,चाय,समोसा,कचोडी,पकोडी बनाकर टीन की गुमटी मे अपना व्यवसाय करते है। गुमटी के ठीक सामने रेलवे फाटक के पास रेलवे गेटमैन की ड्यूटी होने के कारण बीते रविवार की रात अज्ञात चोर गुमटी का ताला तोडने में तो असफल रहे मगर टीन की चादर उखाड़कर उसमें रखा हजारों का सामान उठा ले गए। वही गुमटी में रखी ग्राहकों की उधारी खाता बुक भी फाड़ गए। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस थाने रिपोर्ट दर्ज की है। इधर चोरी की बढ़ी घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा गया। इस घटना में चोरों ने गुमटी से शक्कर,बिमल, राजश्री पान मसाले, बिस्किट,बेसन तेल की पैकेट मैदा व अन्य सामान सहित कुछ रुपए नगदी सहित 5 से 6000 रुपये की सामग्री का सामान चोरी कर ले गए।

### अविति जैन शोध-पत्र इटली के अंतरराष्ट्रीय मनोविज्ञान सम्मेलन आईसीएपी 2026 में चयनित

**अशोकनगर।** जिले की बेटी एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी के मनोविज्ञान विभाग की शोधार्थी अविति जैन, सुपुत्री मनोज जैन,



का शोध-पत्र 31वें इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ एप्लाइड साइकोलॉजी आईसीएपी 2026) में ओरल प्रेजेंटेशन (मौखिक प्रस्तुति) के लिए चयनित हुआ है। यह सम्मेलन 21 से 25 जुलाई 2026 तक फ्लोरेंस (इटली) में आयोजित होगा। इस उपलब्धि पर अशोकनगर सहित बीएचयू के शिक्षकों, शोधार्थियों, सामाजिक संगठनों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अविति जैन को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

### तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन 16-17 को

**अशोकनगर।** आयुक्त कोष एवं लेखा भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में जिला कोषालय अधिकारी कार्यालय द्वारा आईएफएमआईएस साफ्टवेयर पर तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन 16 एवं 17 जुलाई 2026 को किया गया। जिला कोषालय अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि 16 एवं 17 जुलाई को जिला कोषालय अशोकनगर में आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर कार्यालय को देयक जनरेशन, वेतन/एरियर भुगतान एवं अन्य कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया गया है, समस्त कार्यालय प्रमुख अपने लिपिक को तकनीकी समस्या के विवरण सहित कोषालय में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करे। जिससे तकनीकी समस्याओं का निराकरण कराया जा सके।

### अज्ञात चोर एक लाख कीमत के जेवर ले उड़े

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम परासरी निवासी विपिन रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर फरियादी के घर से 12 और 13 जुलाई की रात घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। जिनकी कीमत 1 लाख रूपए है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है,मामले की जांच की जा रही है।

---

महिला अपने दामाद को एजेंट बनाकर देह व्यापार के कारोबार में लगी थी

# कार्रवाईः पुलिस ने 2 महिला और 6 पुरुषों को गिरफ्तार किया

दो एसडीओपी और कोतवाली के टीआई के नेतृत्व में की गई कार्रवाई






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर मुख्यालय पर अनैतिक रूप से देह व्यापार का कारोबार चल रहा है, जिसकी जानकारी एसपी के संज्ञान में आने के बाद इस देह व्यापार के कारोबार का भंडाफोड़ पुलिस ने किया है। इस दौराने दो एसडीओपी और एक टीआई को इस कार्य में लगाया गया, जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से नगदी भी बरामद की गई है। इस कारोबार में एक महिला अपने दामाद को एजेंट बनाकर देह व्यापार का कारोबार कर रही थी, पुलिस ने मौके से 2 महिलाएं और 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा अनैतिक एवं अवैध कार्य पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 12 जुलाई को अनैतिक देह व्यापार के संबंध में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुये एसडीओपी सनव बी खान को कोतवाली पुलिस के साथ तुरंत कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

#### महिला के घर पर दबिश दी गई

एसडीओपी मुगावली द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी निरी रवि प्रताप सिंह चौहान एवं मय फोर्स के दीपेश कालोनी, यादव कालोनी स्थित सीमा अहिरवार के घर पर मय स्टाफ के रेड कार्यवाही करने पहुंचे। मौके पर सीमा अहिरवार अपने दमाद जो एंजेट के रूप में काम करता था दोनों को मौके पर गिरफ्तार किया गया, मौके से अन्य दो महिला एवं 6 पुरुष अनैतिक कार्य करते हुये मिले, जिनके विरुद्ध पुलिस द्वारा मौके पर कार्यवाही की गयी।

#### 2 लाख 10 हजार बरामद

आरोपियो के पास से कुल दो लाख दस हजार रुपये एवं तीन मोबाइल फोन जप्त किये गये। शेष 6 आरोपियो को नोटिस दिया गया। आरोपी महिला द्वारा उपरोक्त कृत्य की पुनरुवृति की गयी है जिसका पीआर लेकर आरोपी महिला से विस्तृत पुछताछ की जाएगी। सभी आरोपियो के खिलाफ अपराध क्र 437/26 धारा 3,4,5,7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कईं प्लॉट अपने नाम करने, कार खरीदी और अधिक रूपए मांगने पर मामला दर्ज। एक अन्य मामले में फरियादी विक्रांत जैन द्वारा आरोपी सीमा अहिरवार एवं अपनी लड़की और अपने दमाद भारत अहिरवार के साथ मिलकर पीड़ित के अश्लील फोटो विडियो बायरल करने, झुठे दुष्कर्म के केस मे फंसाने एवं आत्महत्या की धमकी देकर कई प्लाट अपने नाम करवा लेना एवं अर्टिका कार खरीद लेना एवं और अधिक रुपये मांगने के संबंध मे रिपोर्ट लेख करायी गयी। जिसमें आरोपीगणों के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्र 438/26 धारा 308 (2),308 (6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपी सीमा अहिरवार एव भारत अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

विरोध कर ट्रैक्टर भगाकर ले जाने का प्रयास

## खनिज विभाग का अमला मुरम माफिया को रोकने पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में खनन माफियाओं को न तो प्रशासन का डर है पुलिस का डर है न कार्यवाही की चिंता है। यह खनन माफिया लगातार इस कारोबार में जुटे हैं, इसकी शिकायत लगातार की जा रहीं थीं। जब खनिज विभाग का अमला मौके पर पहुंचा तो खनन माफिया जो मुरम का कारोबार कर रहे थे उन्होंने विरोध जताया और ट्रेक्टर भगाकर ले जाने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस का अमला मौजूद होने के कारण आरोपी ट्रेक्टर नहीं ले जा पाए, जिसे ईसागढ पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है।

थाना कदवाया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बख्तर जागी मे अवेध उत्खनन को लेकर कलेक्टर को शिकायतें की जा रहीं थी जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन के संबंध में कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान अवैध उत्खनन में संलिप्त एक वाहन ट्रैक्टर ट्रॉली चैसिंस नम्बर टी 053247013 एवं एक जेसीबी जिसका नंबर आरएजे 3 डीएक्सएसएसएल 02943547 को मौका स्थल से जप्त किया गया। मौका स्थल पर उपस्थित रंजीत यादव एवं उसके साथियों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई एवं अभद्र भाषा का उपयोग कर उक्त जप्त वाहनों को छीनने की कोशिश की गई। उक्त जप्त वाहनों को पुलिस थाना कदवाया पुलिस बल की सहायता से पुलिस थाना ईसागढ की ओर रबाना कर थाना ईसागढ की अभिरक्षा में सुरक्षित रखवाया गया है। इस मौके पर खनिज अधिकारी वीरेन्द्र वर्मा, खनिज निरीक्षक श्रेया सिंह के साथ पूरी खनिज विभाग की टीम थी।

---

कुत्तों के हमले से भागा हिरण धान के खेत में फंसा

## ग्रामीणों ने की रक्षा, वन अमले ने रेस्क्यू कर कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सोमवार सुबह बहादुरपुर क्षेत्र के खोपरा गांव के खेतों में एक काले हिरन को झुंड से अलग होते ही कुत्तों ने घेर लिया। कुत्तों ने हिरन की पीठ पर दांत गड़ा दिए, जिनसे बचकर हिरन भागा तो धान के एक खेत में फंस गया, जहां दलदल था।

सूचना मिलने पर किसान सुमित शर्मा खेत पर पहुंचे और कुत्तों को मौके से भगाया। इसके बाद उन्होंने वन अमले को सूचित किया और दो घंटे तक हिरन की सुरक्षा करते रहे। अंततः वनकर्मी अजहर खान अमले के साथ पहुंचे और हिरण को खेत से सुरक्षित बाहर निकाल लाए। इधर पशु चिकित्सक डॉ जितेंद्र केमडिया खेत किनारे पहुंच गए थे, जिन्होने सड़क पर ही हिरन का प्राथमिक उपचार किया। वनपाल राजीव रघुवंशी ने बताया है कि हिरन को उपचार के बाद निगरानी में रखा है। बता दें खोपरा, सोपरा, मिर्जापुर, बाबरौद, गोरा और खिरिया गांवों के खेतों में हिरणों के कुछ झुंड हैं। जो धान की खेती के कारण दलदल में फंस जाते हैं और कई बार हिंसक जीवों का शिकार बन जाते हैं।

---

## कलेक्टर ने योजनाओं की समीक्षा की, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत माधुरी पटेल,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, एसडीएम इसरार खान सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लंबित शिकायतों का समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय सीमा के प्रकरणों को सीएम हेल्पलाइन के तहत लेकर उनका निराकरण करें। उन्होंने जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए की जनसुनवाई के आवेदनों का निराकरण का आंकलन कर समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने मुख्य सचिव द्वारा ली गई बैठकों के एजेंडा बिन्दुओं की अद्यतन जानकारी की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिधिंया के 15 जुलाई से 18 जुलाई तक जिले के भ्रमण के संबंध में निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देश दिए की केंद्रीय मंत्री द्वारा अपने भ्रमण के दौरान आजीविका मिशन सम्मेलन में भाग लेंगे। ग्राम चैपाल के माध्यम से ग्रामीणों से चर्चा करेंगे। इस दौरान दिशा की बैठक में भाग लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। साथ ही सब स्टेशन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को केंद्रीय मंत्री के भ्रमण संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में ठोस अपशिष्ट पदार्थो के निस्तारण के संबंध में निर्देश दिए कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण, संग्रहण, परिवहन तथा निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में ठोस अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के संबंध में कार्य किए जाएं। बैठक में सड़क सुरक्षा,लघु सिंचाई संगणना,नल जल योजनाओं के सफल संचालन,प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजनान्तर्गत श्रमिकों के पंजीयन एवं वृक्षारोपण के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

---

### अज्ञात आरोपी द्वारा धोखाधड़ी पूर्वक लिंक भेजकर 1 लाख रुपए निकाले

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत जितेन्द्र पुत्र राजाबाबू दोहरे निवासी ईसागढ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 8 जुलाई से 12 जुलाई के बीच किसी अज्ञात आरोपी द्वारा फरियादी को धोखाधड़ी से लिंक भेजकर उसके खाते से 1 लाख रूपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

## शासकीय विधि महाविद्यालय में नेशनल टास्क फोर्स कार्यशाला का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में नेशनल टास्क फोर्स के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय चिकित्सालय अशोकनगर के मनोचिकित्सक डॉ. आर.के. राहुल ने विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से उपचार के उपाय बताये।

विद्यार्थियों में पढाई और पारिवारिक तनाव, जीवन यापन से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को कैसे दूर किया जा सकता है किसी गंभीर समस्या आने पर यदि आत्महत्या जैसे नकारात्मक विचार आते हैं तो कैसे इन समस्याओं का निदान किया जा सकता है इत्यादि मानसिक विकार संबंधी उपचारात्मक उपाय बताये। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के शाहिद खान मंसूरी नर्सिंग ऑफिसर, राहुल पाराशर मास्टर ट्रेनर एवं पूजा बघेल मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। इस कार्यशाला को डॉ. आर. के. राहुल, शाहिद खान मंसूरी नर्सिंग ऑफिसर, राहुल पाराशर मास्टर ट्रेनर एवं पूजा बघेल मास्टर ट्रेनर आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रभारी प्राचार्य गरिमा राठौर ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अतिथिओं का आभार व्यक्त किया और प्रत्येक माह में इस तरह की कार्यशाला आयोजित किये जाने की बात कही। कार्यशाला में विधि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के लगभग 110 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकचगर के स्टाफ सदस्यों में बहादुरसिंह डाबर, रिचर्ड डिंडोर डॉ. जयदीप पाराशर, डॉ. अनिल सिंह तोमर डॉ. जितेन्द्र सोनी एवं बलवीरसिंह जाटव आदि उपस्थित रहे।

---

## जिला जनगणना हस्त पुस्तिका संबंधी प्रशिक्षण आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



आगामी जनगणना कार्यो को प्रभावी एवं त्रुटिरहित संचालन के उद्देश्य से सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय की उपस्थिति में जनगणना हस्त पुस्तिका संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

जिला जनगणना हस्त पुस्तिका (डीसीबीएच) संबंधी प्रशिक्षण राजस्व अधिकारियों को जिला जनगणना प्रभारी जमील खान तथा मास्ट्रर ट्रनर्स मनोज सैनी द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में जिला जनगणना हस्त पुस्तिका से संबंधित, आवश्यक आकड़ों के संकलन, सत्यापन,संकलित जानकारी के संधारण तथा निर्धारित प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण 13 जुलाई से 17 जुलाई तक पूरे जिले में पदस्थ क्षेत्र पदाधिकारियों (पटवारियों) एवं नगरीय क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों को दिया जाएगा।

**जिला जनगणना से संबंधित अनुदेश पुस्तिका कलेक्टर को की भेंट** भारत सरकार द्वारा तैयार की गई जिला जनगणना से संबंधित अनुदेश पुस्तिका कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय को भेंट की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,जिला जनगणना प्रभारी जमील खान तथा मास्टर ट्रेनर्स मनोज कुमार उपस्थित थे।

---

लोकार्पण से पहले डीआरएम ने अशोकनगर स्टेशन का निरीक्षण किया

# अशोकनगर रेलवे स्टेशन की किस्मत बदलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





भारत सरकार के अमृत-2 योजना के अंतर्गत इसी सप्ताह अशोकनगर स्टेशन की नई इमारत का लोकार्पण होने जा रहा है। 130 वर्ष बाद अशोकनगर स्टेशन की सूरत बदली है। लेकिन सीरत बदलने के लिए जरूरी है कि यहां सबसे अधिक जरूरत जिन ट्रेनों की है उन्हें पहले चलाया जाए साथ में स्टेशन आने वाले रेल यात्रियों के लिए सिर्फ इमारत के दर्शन न कराएं जाएं अपितू भौतिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराईं जाएं जो उनका अधिकार है। इस दौरान डीआरएम रेल मंडल भोपाल पंकज त्यागी ने अशोकनगर स्टेशन का लोकार्पण से पहले निरीक्षण किया और सुविधाओं को जाना।

130 वर्ष अशोकनगर स्टेशन को बदलने में लग गए यानी एक सदी पूरी निकल गई लेकिन इस स्टेशन के भाग्य नहीं बदल पाए थे। इस स्टेशन की किस्मत में एक सुविधाओं का ताज लगाने का प्रयास रेल विभाग ने किया है, रेलवे के कार्य कितने गुणवत्ता पूर्ण हैं यह किसी से छुपा नहीं है। उदघाटन से पहले अधिकारी कमियों को छुपाने का प्रयास करने में लगे हैं, इसी क्रम मे 'भोपाल रेल मंडल प्रबंधक पंकज त्यागी ने अपने विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ अशोकनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बारी बारी से देखा कि काम जो हुएं हैं वह कितने टिकाउ हैं, क्या उन्हें अगले भ्रमण के दौरान यह निर्माण कार्य देखने को मिल सकेगीं, इस तरह की तमाम बाते उनके निरीक्षण के दौरान देखने को मिलीं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए और जिला पत्रकार संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को लेकर कहा कि उनकी मांगें जनहित में जायज हैं उन्हें पूरा किया जाएगा।

### अशोकनगर स्टेशन पर जन सुविधा उपलब्ध कराने का मांग पत्र

1. प्रधानमंत्री देश में स्वच्छ भारत अभियान चला रहे हैं लेकिन यहां के स्टेशन परिसर में ना प्लेटफार्म पर कोई सुलभ सुविधा के इंतजाम नहीं है तत्काल प्रभाव से सुलभ कांप्लेक्स की स्थापना महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कराई जाए।
2. अशोकनगर स्टेशन पर अप डाउन की दिशा में चलने वाली ट्रेनों की समय सारणी की सूची लगाई जाए जो नहीं लगी है इससे यात्री परेशान है।
3. यहां की स्टेशन पर 40 फीट चैड़े ओवर ब्रिज का निर्माण होना है जिसके लिए 10 करोड रुपए स्वीकृत है लेकिन काम आज तक प्रारंभ नहीं हो रहा है इसे तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए।
4. अशोकनगर स्टेशन की नई इमारत के सामने नई हाई मास्ट लाइट लगाई जाए तथा रोशनी के पर्याप्त इंतजाम किये जाएं।
5. प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर ना तो वेटिंग हाल है ना अनारक्षित टिकट खिड़की की सुविधा है यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए और प्लेटफार्म क्रमांक 4 का निर्माण किया जाए।

#### ट्रेन चलाई जाने की मांगों के बिन्दु

1. रुठियाई-बीना यात्री ट्रेन जिसे आपके द्वारा 26 जून को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था इस ट्रेन नंबर 61626 का समय रुठियाई से 8 .40 बजे किया जाए क्योंकि इंदौर से रुठियाई ट्रेन 8 .20 पर पहुंचती है अलग प्लेटफार्म पर गाड़ी खड़ी होने से दिव्यांग बुजुर्ग और बीमार लोगों को पहुंचने में समस्या आती है पर्याप्त समय दिया जाए।
2. कोरोना काल के दौरान आपने कहा था कि जो भी ट्रेन बंद है उन्हें प्रारंभ किया जाएगा लेकिन कोटा जबलपुर गाड़ी 19809/ 19814 नियमित ट्रेन को आज तक प्रारंभ नहीं किया गया इसे फिर से चालू किया जाए।
3. कोटा हिसार गाड़ी 19813/19814 जो देश के खाटू वाले श्याम बाबा जाने वाले यात्रियों को जोड़ती है कोटा में 10 घंटे खड़ी रहती है इसे बिना तक बढ़ाया जाए।
4. ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस को ग्वालियर से विस्तार कर देश की राजधानी दिल्ली तक बढ़ाया जाए।